दिन– मंगलवार दिनांक– 09 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए आज संसद भवन परिसर में होगा मतदान। मतगणना शाम छह बजे शुरू होगी।

02. सर्वोच्च न्यायालय ने आधार कार्ड को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, एसआईआर के तहत बारहवें दस्तावेज के रूप में मान्यता दी।

03. नेपाल सरकार ने युवाओं के हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद सोशल मीडिया साइटों पर प्रतिबंध हटाया। प्रदर्शन में उन्नीस की मौत, तीन सौ से अधिक घायल।

04. और, प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में मॉनसून फिर हुआ सक्रिय। मौसम विभाग ने आज किशनगंज और अररिया जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

————————————————————

उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव और मतगणना आज होगी। इस चुनाव में एनडीए उम्मीदवार और महाराष्ट्र के राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन का मुकाबला इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार और सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी से है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

————————————————————

सुप्रीम कोर्ट ने आधार कार्ड को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, एसआईआर के तहत बारहवें दस्तावेज के रूप में मान्यता दे दी है। अभी तक एसआईआर के लिए ग्यारह दस्तावेज निर्धारित थे। बिहार में जारी एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह आदेश सुनाया। पीठ ने कहा कि आधार को भले नागरिकता का दस्तावेज नहीं माना जा सकता है लेकिन इसे वोटर के पहचान के एक दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जा सकता है।

————————————————————

बिहार विधानसभा चुनाव में टिकट बंटवारे को लेकर कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमिटी की बैठक आज दिल्ली में होगी। इस बैठक में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू, विधानसभा में पार्टी के नेता शकील अहमद खान और विधान परिषद दल के नेता मदन मोहन झा सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सांसदों से अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवाकर –जीएसटी सुधारों की जानकारी लोगों तक पहुँचाने का आग्रह किया है। श्री मोदी ने भाजपा और एनडीए सांसदों की दो दिवसीय कार्यशाला के समापन सत्र को संबोधित करते हुई ऑनलाइन गेमिंग प्रोत्साहन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण कानूनों के लाभों के बारे में जागरूक करने को भी कहा। भाजपा नेता और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि उप–राष्ट्रपति चुनाव के बाद सांसद प्रधानमंत्री के संदेश को अपने–अपने निर्वाचन क्षेत्रों में ले जाएँगे।

————————————————————————

स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिवाली तक वस्तु और सेवा कर–जीएसटी में नए सुधारों की घोषणा की थी। जीएसटी परिषद ने 3 सितंबर को आम लोगों को राहत प्रदान करने के लिए दरों को युक्तिसंगत बनाने की मंजूरी दी। इन सुधारों से कई क्षेत्रों के कर दरों में कमी आएगी और नागरिकों का जीवन आसान होगा। आज हम कॉस्मैटिक यानि सौंदर्य प्रसाधन क्षेत्र के लिए किए गए सुधारों को बतायेंगे। हमारे संवाददाता की रिपोर्ट है कि जीएसटी में सुधार आम आदमी पर केंद्रित हैं और इस महीने की बाईस तारीख से लागू होंगे।

———बाईट———

————————————————————————

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन कल बिहार दौरे पर कटिहार आयेंगी। वित्त मंत्री जिले के हसनगंज चंदेली भर्रा गांव में मखाना किसानों से संवाद करेंगी। इसके बाद वे जिले के इंजीनियरिंग कॉलेज में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में भी शामिल होंगी।

————————————————————————

राजद प्रमुख लालू प्रसाद ने दिल्ली उच्च न्यायालय में अपील दायर कर, जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में सीबीआई की प्राथमिकी रद्द करने की मांग की है। श्री प्रसाद के अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने न्यायालय के समक्ष अपनी दलील में कहा कि सीबीआई ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अनिवार्य मंजूरी के बिना प्राथमिकी दर्ज की है। इससे पूरी जाचं अवैध हो जाती है।

————————————————————————

प्रदेश में महिला रोजगार योजना के तहत अब तक चालीस लाख महिलाओं ने ऑनलाईन आवदेन किया है। सबसे अधिक आवेदन मुजफ्फरपुर, नालंदा, रोहतास, बक्सर और सारण जिले से प्राप्त हुये हैं। जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा ने बताया कि योजना के अंतर्गत पहली किस्त के रूप में प्रत्येक महिला को दस–दस हजार रूपये दिये जाएगें।

————————————————————————

नेपाल सरकार ने युवाओं के हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद सोशल मीडिया साइटों पर प्रतिबंध लगाने के अपने फैसले को वापस ले लिया है। इस विरोध प्रदर्शन में उन्नीस लोगों की मौत हो गई जबकि तीन सौ से अधिक घायल हुए है। गौरतलब है कि तीन दिन पहले, नेपाल सरकार ने फेसबुक और एक्स सहित छब्बीस सोशल मीडिया साइटों पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया था क्योंकि ये नेपाल सरकार के साथ पंजीकृत नहीं थीं। इधर, प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने हिंसक विरोध प्रदर्शन की जाँच के लिए एक समिति गठित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिवारों को सहायता प्रदान की जाएगी तथा घायलों का मुफ़्त इलाज किया जाएगा। इस बीच, हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद नेपाल के गृह मंत्री रमेश लेखक ने नैतिक आधार पर अपना इस्तीफ़ा दे दिया है। इधर, नेपाल में प्रदर्शन को देखते हुये राज्य के सीमावर्ती जिले मधुबनी, सीतामढ़ी, पूर्वी चम्पारण और पश्चिम चम्पारण में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है।

————————————————————————

केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देश पर रेबीज की रोकथाम के लिए प्रदेश के सभी जिलों में एंटी रेबीज इंजेक्शन के लिए शिविर लगाये जायेंगे। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों को निर्देश जारी किया है। मंत्रालय की और से अट्ठाईस सितम्बर को होने वाले विश्व रेबीज दिवस को लेकर सभी जिलों में मास ड्रग ड्राईव चलाने का निर्देश दिया गया है।

————————————————————————

गयाजी में चल रहे पितृपक्ष मेला महासंगम में बड़ी संख्या में श्रृद्धालु पितरों की मोक्ष प्राप्ति के लिए तर्पण कर रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि अब तक चार लाख से अधिक लोगों ने पिंडदान किया है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

त्रिपाक्षिक श्राद्ध करने वाले श्रद्धालु आज उत्तरमानस, उदिची, कनखल, दक्षिण मानस, जिह्वालोल वेदियों पर श्राद्ध और पिंडदान कर रहें है। त्रिपाक्षिक श्राद्ध करने वाले के लिए तिथि के अनुसार वेदियां निर्धारित है। जिला प्रशासन ने बताया है कि लगभग चार लाख लोग अबतक पिंडदान कर चुके हैं। विष्णुपद मंदिर परिसर में भगवान विष्णु के दर्शन के लिए सुबह से हीं लंबी कतार लगी हुई है। देश विदेश के यात्रियों के साथ साथ कई फिल्म अभिनेता और राजनेताओं ने भी अपने अपने पूर्वजों की मोक्ष कामना के लिए गयाजी में पिंडदान किया। आकाशवाणी समाचार के लिए गयाजी से धर्मवीर भारती।

————————————————————————

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में मॉनसून की सक्रियता से बारिश की गतिविधियां जारी है। मौसम विभाग ने आज उत्तर और दक्षिण बिहार के विभिन्न स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान किशनगंज और अररिया जिले में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का पूर्वानुमान है।

———बाईट———

——————————————————————————————

राज्य सरकार ने औरंगाबाद जिले की विभिन्न विकास योजनाओं के लिए उनसठ करोड़ रूपये की मंजूरी दी है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि इसके अन्तर्गत जिला मुख्यालय में अटल कला भवन निर्माण के लिए उन्नीस करोड़ तिहत्तर लाख रूपये की स्वीकृति दी गयी है।

——————————————————————————————

बांका जिले के लेलिया स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा तीस अभ्यर्थियों का चयन किया गया है।

——————————————————————————————

पश्चिम चंम्पारण जिले के बगहा में भैरोगंज के पास रेलवे दोहरीकरण कार्य से प्रभावित परिवारों ने अंचल कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया। लगभग पैंसठ घरों के लोगों ने अभियान बसेरा के तहत वास भूमि की मांग की है। अंचलाधिकारी नर्मदा श्रीवास्तव ने समस्या के निदान का आश्वासन दिया है।

——————————————————————————————

अररिया जिले के भरगामा थाना क्षेत्र अंतर्गत रहरिया में मेला क्षेत्र में छापेमारी कर पुलिस ने एक अपराधी को एक पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस, एक मैगजीन और एक बाइक के साथ गिरफ्तार किया है।

——————————————————————————————

पटना पुलिस की टीम ने बिहटा के अमनाबाद और मनेर के पिथलौटिया में सोन नदी में चल रहे अवैध बालू खनन में शामिल छह लोगों को हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

——————————————————————————————

बक्सर जिले के डुमरांव में पुलिस ने ढ़ाई किलो मादक पदार्थ हेरोईन के साथ एक दम्पत्ति समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

——————————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– बिहार की सरकारी बसों में अब ऑनलाईन टिकट की सुविधा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक हजार पैंसठ बसों में ई–टिकट सेवा का आगाज किया।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की घोषणा को तरजीह देते हुये लिखा है– सेविका को नौ हजार और सहायिका को साढ़े चार हजार मानदेय। आज कैबिनेट में मुहर सम्भव।

केन्द्रीय जल आयोग की रिपोर्ट को दैनिक जागरण ने प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– बिहार सहित देश के पच्चीस नदी स्थलों पर गम्भीर बाढ़ का खतरा। **दैनिक भास्कर** की विशेष खबर है– बिहार देश का तीसरा सबसे तेज विकास वाला राज्य, एक साल में आठ दशमलव छह चार प्रतिशत की छलांग।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए आज संसद भवन परिसर में होगा मतदान। मतगणना शाम छह बजे शुरू होगी।

02. सर्वोच्च न्यायालय ने आधार कार्ड को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, एसआईआर के तहत बारहवें दस्तावेज के रूप में मान्यता दी।

03. नेपाल सरकार ने युवाओं के हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद सोशल मीडिया साइटों पर प्रतिबंध हटाया। प्रदर्शन में उन्नीस की मौत, तीन सौ से अधिक घायल।

04. और, प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में मॉनसून फिर हुआ सक्रिय। मौसम विभाग ने आज किशनगंज और अररिया जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।